2021

# NAVNEET PRACTICE PAPERS

## & ACTIVITY SHEETS

## STANDARD X

Updated as per Portion Omitted from the Syllabus for the Year 2020-2021

**Subjects :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| English (HL) | Marathi (LL) | Hindi (Entire Lokbharati) | History & Political Science | Geography |
| Science & Technology (Part 1) | Science & Technology (Part 2) | Mathematics (Part-I) | Mathematics (Part-II) | |

**All Subjects included :**

- Updated format of Question Paper / Activity Sheet
- Board's March 2020 Question Paper / Activity Sheet with Solution
- 5 Question Papers / Activity Sheets for Practice

Full Solution of Practice Papers through **QR Code**

GET NAVNEET DigiBook FREE

NAVNEET®

2021

# NAVNEET PRACTICE PAPERS

## & ACTIVITY SHEETS

Updated as per the portion omitted from the syllabus for the year 2020-21

## Std. X

**All Subjects :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| English (HL) | मराठी (LL) | Hindi Entire (Lokbharati) | History and Political Science | Geography |
| Science & Technology (Part 1) | Science & Technology (Part 2) | Mathematics (Part-I) | Mathematics (Part-II) | |

**SALIENT FEATURES :**

- A comprehensive kit for 2021 Board Examination
- Detailed notes of the omitted portion of syllabus for the academic year 2020-21 under **'Most Important'** at the beginning of each subject
- Updated **format** of Question Papers/Activity Sheets in each subject
- Board's March 2020 Question Paper/Activity Sheet in each subject with full solution
- Omitted portion of syllabus highlighted in solution to March 2020 Question Paper/Activity Sheet
- 5-5 Question Papers/Activity Sheets for practice prepared by expert and experienced authors keeping omitted syllabus in mind and their answers in QR code
- Answers in Practice papers of Mathematics (Part I & II) for cross-checking

**Newly Added**
**Audio Feature on NAVNEET DigiBook**
*(Refer opposite page.)*

Scan this QR code for correct answers and compare your self-assessment.

NAVNEET®

NAVNEET EDUCATION LIMITED

D0679

Price : ₹ 280.00

Updated as per the omitted portion in syllabus of language subjects viz. Hindi (लोकवाणी) and Sanskrit (Composite) or Sanskrit (Entire), the updated format of the Activity sheets and as per the Activity sheets of Board's March 2020.

# नवनीत
# सराव कृतिपत्रिका
## STD. X

| Optional subjects → | Hindi (Lokvani) 40 marks | Sanskrit (Composite) 40 marks | Sanskrit (Entire) 80 marks |
|---|---|---|---|

GET **NAVNEET DigiBook** FREE

**Each subject includes :**
- Detailed notes of the portion omitted for academic year 2020-21
- Updated format/pattern of Activity sheets
- Board's March 2020 Activity sheets with solutions
- 5 Activity sheets for practice
- **Answers to Activity sheets for Practice in QR code**

The book is available at all booksellers

***Plenty of practice ensures plenty of success!***

NAVNEET®

NAVNEET®

# NAVNEET EDUCATION LIMITED

**Mumbai** : Bhavani Shankar Road, Dadar (West), Mumbai – 400 028. (Tel. 6662 6565)
www.navneet.com • **e-mail :** publications@navneet.com
**Ahmadabad** : Navneet House, Gurukul Road, Memnagar, Ahmadabad – 380 052. (Tel. 6630 5000)
**Nagpur** : 63, Opp. Shivaji Science College, Congress Nagar, Nagpur – 440 012. (Tel. 242 1522)
**Nashik** : Nirman Inspire, 2nd Floor, Kanhere Wadi, Opp. Old CBS, Nashik – 422 001. (Tel. 259 6950)
**Pune** : Navneet Bhavan, 1302, Shukrawar Peth, Bajirao Road, Pune – 411 002. (Tel. 2443 1007)

**© All rights reserved. No part of this book may be copied, adapted, abridged or translated, stored in any retrieval system, computer system, photographic or other system or transmitted in any form or by any means without a prior written permission of the copyright holders, M/s. Navneet Education Limited.** ***Any breach will entail legal action and prosecution without further notice.***

**Published by** Navneet Education Limited, Dantali, Gujarat.
**Printed by** Navneet Education Limited, Dantali, Gujarat.

2121
CTP
Rev. (25-12-20)

# PREFACE

The world is going through an unforeseen situation of Covid-19 that has never been experienced before. Even in such a situation, it is a matter of pride that the principals, teachers, students and their parents from across the state of Maharashtra are giving top priority to the Board exams of Std. X by continuing with their efforts in teaching and learning with the help of technology. As the leading educational publisher, we too, are committed to contribute in this noble deed of imparting knowledge. We are hence delighted to publish the latest **'Navneet Practice Papers and Activity Sheets (All subjects) : Std. X'** book for the Board examination 2021 as per the updated format.

Given the limited timespan of teaching and learning due to the Covid-19 situation, the Board has omitted some portions of the syllabus from the evaluation i.e. examination in each subject for the academic year 2020-21. An important feature of the book **'Navneet Practice Papers and Activity Sheets'** is that it has been prepared precisely by keeping in mind this omitted portion from the syllabus.

In this book, the detailed information about the above mentioned omitted portions has been given for easy reference in a box labelled as **'Most important'** at the beginning of each subject. This will enable the students to know exactly which portion they need to study for the examination.

The book includes updated format of the Board's Question papers/Activity sheets with explanation and guidance. This will ensure that the students will have no doubts about the format of the question papers/activity sheets.

Board's March 2020 Question papers/Activity sheets have been provided along with full solutions and marking scheme for complete guidance. In addition to providing answers to the Question papers/Activity sheets, the questions and answers from the omitted syllabus have also been highlighted with special notes, which will help the students know that the questions on these omitted portion will not appear in the 2021 examination. At the same time the students will understand what questions could be asked in the related question type and how to write their answers. The solutions to the Board's Question paper/Activity sheets have been purposely given on the specimen answer sheets to give the students complete understanding of how to write the answers in an ideal manner.

The **'Navneet Practice Papers and Activity Sheets'** book consists of 5 Question papers/ Activity sheets of each subject for practice, too. The practice Question papers/Activity sheets have been prepared meticulously by the expert and experienced team of authors of Navneet keeping the omitted portion in mind. In doing so, we have made sure that all the possible question types in the textbook and 'updated format' are incorporated in the book, for activities or questions can be asked in many different ways for a particular question in the Activity sheets. The book also provides answers to the questions in Practice papers of Mathematics (Part-I) & (Part-II) for cross-checking.

In a nutshell, the **'Navneet Practice Papers and Activity Sheets'** book will be extremely beneficial for the students to prepare and practise thoroughly for their Board examinations. We are confident that with this practice, the students will get brilliant success in their examination.

**Navneet wishes all the students of Std. X a spectacular success ahead!**

– **The Publishers**

# CONTENTS


| | | Page No. |
|---|---|---|
| ★ **Section 1 : ENGLISH (HL)** | | |
| Omitted Syllabus and Updated Format of Board's Activity Sheet | ... | 5 to 12 |
| Board's Activity Sheet (March 2020) (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 13 to 43 |
| Activity Sheets For Practice 1 to 5 | ... | 44 to 88 |
| ★ **Section 2 : Marathi (LL)** | | |
| वगळलेला अभ्यासक्रम व बोर्डाच्या कृतिपत्रिकेचा अद्ययावत आराखडा | ... | 89 to 94 |
| Board's Activity Sheet (March 2020) (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 95 to 119 |
| Activity Sheets For Practice 1 to 5 | ... | 120 to 155 |
| ★ **Section 3 : Hindi Entire (Lokbharati)** | | |
| हटाए गए पाठ्यक्रम और बोर्ड की कृतिपत्रिका का अद्यतन प्रारूप | ... | 156 to 160 |
| बोर्ड की कृतिपत्रिका (मार्च 2020) (आदर्श उत्तरों एवं अंक वितरण योजना सहित) | ... | 161 to 188 |
| अभ्यास के लिए कृतिपत्रिका 1 से 5 | ... | 189 to 233 |
| ★ **Section 4 : History and Political Science** | | |
| Omitted Syllabus and Updated Format of Board's Activity Sheet | ... | 234 to 236 |
| Board's Activity Sheet (March 2020) (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 237 to 257 |
| Activity Sheets For Practice 1 to 5 | ... | 258 to 282 |
| ★ **Section 5 : Geography** | | |
| Omitted Syllabus and Updated Format of Board's Question Paper | ... | 283 & 284 |
| Model Question Paper (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 285 to 298 |
| Question Papers For Practice 1 to 5 | ... | 299 to 320 |
| ★ **Section 6 : Science & Technology (Part 1)** | | |
| Omitted Syllabus and Updated Format of Board's Activity Sheet | ... | 321 & 323 |
| Board's Activity Sheet (March 2020) (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 324 to 338 |
| Activity Sheets For Practice 1 to 5 | ... | 339 to 358 |
| ★ **Section 7 : Science & Technology (Part 2)** | | |
| Omitted Syllabus and Updated Format of Board's Activity Sheet | ... | 359 to 361 |
| Board's Activity Sheet (March 2020) (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 362 to 377 |
| Activity Sheets For Practice 1 to 5 | ... | 378 to 401 |
| ★ **Section 8 : Mathematics (Part – I)** | | |
| Omitted Syllabus and Updated Format of Board's Question Paper | ... | 402 to 404 |
| Board's Question Paper (March 2020) (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 405 to 423 |
| Question Papers For Practice 1 to 5 | ... | 424 to 443 |
| Question Papers 1 to 5 (Answers) | ... | 444 to 447 |
| ★ **Section 9 : Mathematics (Part – II)** | | |
| Omitted Syllabus and Updated Format of Board's Question Paper | ... | 448 to 450 |
| Board's Question Paper (March 2020) (With Full Solution & Marking Scheme) | ... | 451 to 472 |
| Question Papers For Practice 1 to 5 | ... | 473 to 497 |
| Question Papers 1 to 5 (Answers) | ... | 498 to 500 |
| ★ **Chart of Marks obtained at a glance** | ... | **Cover 3** |

# Section 3 : Hindi (Entire–Lokbharati)

**अत्यंत महत्त्वपूर्ण**

**सूचना :** शैक्षिक वर्ष 2020 – 21 के लिए निम्नलिखित पाठ/कविताएँ पाठ्यक्रम से हटा दिए गए हैं। ये मात्र स्वयं अध्ययन के लिए हैं।

**पहली इकाई :** (२) लक्ष्मी
(५) गोवा : जैसा मैंने देखा
(७) खुला आकाश (पूरक पठन)
(११) कृषक गान

**दूसरी इकाई :** (३) श्रम साधना
(८) अपनी गंध नहीं बेचूँगा

● इन पाठ/कविताओं से संबंधित प्रश्नों को मूल्यांकन में नही पूछा जाएगा। इन पाठों में आए भाषा बिंदु, उपयोजित लेखन, अपठित गद्यांश (व्याकरण) से संबंधित कृतियाँ मूल्यांकन में पूछे जा सकते हैं।

**बोर्ड की मार्च 2020 की कृतिपत्रिका में इन पाठ/कविताओं के प्रश्नों को छायांकित किया गया है।**

**प्रस्तुत सराव प्रश्नपत्रिकाएँ हटाए गए पाठों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।**

## बोर्ड की कृतिपत्रिका का अद्यतन प्रारूप
## (मार्गदर्शन एवं स्पष्टीकरण सहित)

## विभाग 1 : गद्य : 20 अंक

**ध्यान में रखिए :**

■ **प्र. 1 (अ) और प्र. 1 (आ) :** पाठ्यपुस्तक के गद्य विभाग से 130 से 150 शब्दों का एक गद्यांश दिया जाएगा। उस गद्यांश पर आधारित 2–2 अंकों की 4 कृतियाँ होंगी। **प्र. 1 (अ) और प्र. 1 (आ)** हर एक के लिए **8 – 8 अंक** हैं। कृतियाँ इस प्रकार होंगी :

**कृति 1 और कृति 2 : आकलन कृति** गद्यांश के आशय के आकलन पर आधारित होंगी। इन दोनो कृतियों में एक-एक अंक की 2 कृतियाँ अथवा आधे-आधे अंक के चार घटक दिए जाएँगे।

**कृति 3 :** यह **शब्द संपदा** पर आधारित होगी। इसमें 1–1 अंक की 2 कृतियाँ होंगी।

(कृति 1, कृति 2, कृति 3 की कृतियाँ अधिकतर वस्तुनिष्ठ प्रकार की होंगी।)

**कृति 4 :** यह **अभिव्यक्ति** की मुक्तोत्तरी स्वरूप की कृति होगी। यह कृति विद्यार्थियों के अपने विचार, अभिप्राय व्यक्त करने के लिए दी जाएगी। 25 से 30 शब्दों में अभिप्राय/विचार प्रकट करना होगा।

■ **प्र. 1 (इ) :** यह अपठित परिच्छेद पर आधारित प्रश्न होगा। इसमें 80 से 100 शब्दों का कोई अपठित गद्यांश दिया जाएगा। इस पर 2 – 2 अंकों की 2 कृतियाँ होंगी। **प्र. 1 (इ)** के लिए 4 अंक हैं।

**कृति 1 : आकलन कृति।**

**कृति 2 : अभिव्यक्ति।**

## पठित गद्‍य

**प्र. 1. (अ) निम्नलिखित पठित गद्‍यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 8 अंक**

**कृति 1 और 2 : (प्रत्येक के लिए 2 अंक)**

**ध्यान में रखिए :**

- **प्र. 1 (अ)** के अंतर्गत **कृति 1 और 2** में पूछी जाने वाली **आकलन** की कृतियाँ हमेशा एक ही प्रकार की नहीं होंगी। ये कृतियाँ भिन्न-भिन्न प्रकार से पूछी जा सकती हैं। नमूने के रूप में यहाँ दी गई कुछ कृतियाँ देखिए :

(1) संजाल पूर्ण कीजिए/चौखट पूर्ण कीजिए।
(2) रिश्ते पहचानिए।
(3) उचित जोड़ियाँ बनाइए।
(4) आकृति पूर्ण कीजिए।
(5) अर्थ का बोध कराने वाले वाक्य खोजकर लिखिए।
(6) तालिका पूर्ण कीजिए।
(7) विशेषताएँ बताइए।
(8) एक शब्द में उत्तर लिखिए।
(9) वाक्य पूर्ण कीजिए।
(10) तुलना कीजिए।
(11) विषय संबंधी कल्पवृक्ष बनाइए।
(12) सुगठित वाक्य तैयार कीजिए।
(13) सत्य/असत्य पहचानकर लिखिए।
(14) परिच्छेद के वाक्यों को घटनाक्रम के अनुसार उचित क्रम दीजिए।
(15) सहसंबंध लिखिए।

- उत्तर दिए गए गद्‍यांश में होगा या गद्‍यांश के आशय से संबंधित होगा।
- इस प्रकार की कृति के उत्तर बहुधा कुछ शब्दों या एक वाक्य में लिखने होते हैं।
- कृति की अपेक्षा के अनुसार उत्तर अपने शब्दों में भी लिखना होगा।

**कृति 3 : (2 अंक)**

**ध्यान में रखिए :**

- **प्र. 1 (अ)** के अंतर्गत **कृति 3 शब्द संपदा** से संबंधित है। इस कृति में अनेकार्थी शब्द, शब्द-युग्म, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, कठिन शब्दों के अर्थ, लिंग, वचन, कृदंत, तद्‍धित, तद्‍भव, तत्सम तथा विदेशी शब्द आदि पूछे जा सकते हैं।

**कृति 4 : (2 अंक)**

**ध्यान में रखिए :**

- **प्र. 1 (अ)** के अंतर्गत **कृति 4 मुक्तोत्तरी** ढंग की कृतियाँ होंगी। इस प्रकार की कृतियों में विद्यार्थी को अपने विचार मुक्त रूप से व्यक्त करने की स्वतंत्रता होगी। उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखना होगा।
- **इसमें निम्नलिखित प्रकार से कृतियाँ पूछी जा सकती हैं :**

(1) दिए गए परिच्छेद में व्यक्त विचार स्पष्ट कीजिए।
(2) दिए गए गद्‍यांश में व्यक्त विचार क्या आज की परिस्थिति में उपयुक्त हैं? समझा कर बताइए।
(3) दिए गए गद्‍यांश में व्यक्त विचारों के अनुसार अपनी जिम्मेदारी समझा कर बताइए।
(4) पाठ के किसी घटक का आत्मकथन लिखिए।
(5) गद्‍यांश में दिया गया विशेष विचार संवाद के रूप में लिखिए।
(6) अपने साथ घटी कोई घटना लिखिए।
(7) दिए गए गद्‍यांश से संबंधित अपनी पसंद के त्योहार/महीने/ऋतु/उत्सव/प्राणी/वनस्पति/वस्तु आदि के बारे में लिखिए।
(8) गद्‍यांश के आधार पर अपने साथ घटी किसी घटना का वर्णन कीजिए।

## पठित गद्य

**प्र. 1. (आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 8 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

- **प्र. 1 (आ)** की सभी कृतियाँ प्र. 1 (अ) की तरह ही पूछी जाएँगी। अर्थात इसमें भी **कृति 1** और **कृति 2 आकलन कृति**, **कृति 3 शब्द संपदा** तथा **कृति 4 अभिव्यक्ति** की कृति होगी। इन कृतियों के स्पष्टीकरण के लिए प्र. 1 (अ) में दिए गए स्पष्टीकरण देखिए।

## अपठित गद्य

**प्र. 1. (इ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 4 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

- **प्र. 1 (इ)** में 80 से 100 शब्दों के अपठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित **2** कृतियाँ होंगी।
- इसमें **कृति 1 आकलन** तथा **कृति 2 अभिव्यक्ति** पर 2-2 अंकों की कृतियाँ होंगी। इन कृतियों के स्पष्टीकरण के लिए प्र. **1** की कृति **1** तथा कृति **4** में दिए गए स्पष्टीकरण देखिए।

## विभाग 2 : पद्य : 12 अंक

**प्र. 2. (अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 6 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

- **प्र. 2 (अ)** में पाठ्यपुस्तक की किसी भी कविता से 8 से 10 पंक्तियों का कोई पद्यांश दिया जाएगा। दिए गए पद्यांश पर आधारित 3 कृतियाँ दी जाएँगी। सभी कृतियाँ 2-2 अंकों की होंगी। **कुल 6 अंक** होंगे।
- **कृति 1** पद्यांश के आशय के **आकलन** पर आधारित होगी। यह वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी।
- **कृति 2 शब्दसंपदा** की कृति होगी।
- **कृति 3** पद्यांश का **सरल अर्थ** लिखने से संबंधित है। पद्यांश पढ़ने पर अर्थ आसानी से लिखा जा सकता है। इस कृति को कई तरह से पूछा जा सकता है। **जैसे** – कविता का आशय, कविता का केंद्रीय भाव, कविता का उद्देश्य, कविता का सरल अर्थ अथवा कविता से मिलने वाली सीख आदि लिखिए।

**प्र. 2. (आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 6 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

- **प्र. 2 (आ)** में पाठ्यपुस्तक की किसी कविता की 8 से 10 पंक्तियाँ दी जाएँगी। दिए गए पद्यांश पर आधारित 3 कृतियाँ दी जाएँगी। सभी कृतियाँ 2-2 अंकों की होंगी। तीनों कृतियाँ प्र. 2 (अ) की कृतियों की तरह ही होंगी। **कुल 6 अंक** होंगे।

## विभाग 3 : पूरक पठन : 8 अंक

**प्र. 3. (अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 4 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

- इस प्रश्न में पाठ्यपुस्तक में पूरक पठन के गद्य पाठों में से किसी एक पाठ से 80 से 100 शब्दों का एक गद्यांश दिया जाएगा। गद्यांश पर आधारित 2-2 अंकों की दो कृतियाँ पूछी जाएँगी। **कुल 4 अंक** हैं।
- **कृति 1 :** गद्यांश के आशय के **आकलन** पर आधारित है। इसका उत्तर गद्यांश से मिल जाएगा।
- **कृति 2 : अपना मत** व्यक्त करने से संबंधित है। इस कृति में गद्यांश से संबंधित किसी विषय पर विद्यार्थियों से 25 से 30 शब्दों में अपने विचार व्यक्त करने के लिए कहा जाएगा।

## प्र. 3. (आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 4 अंक

**ध्यान में रखिए :**

- इस प्रश्न में पाठ्यपुस्तक से पूरक पठनवाली कविता से 6 से 8 पंक्तियों का कोई पद्यांश दिया जाएगा। पद्यांश पर आधारित 2 – 2 अंकों की दो कृतियाँ दी जाएँगी। **कुल 4 अंक** हैं।
- **कृति 1** : पद्यांश के आशय के **आकलन** पर आधारित है। इसके उत्तर पद्यांश से मिल जाएँगे।
- **कृति 2** : **अपना मत** व्यक्त करने से संबंधित है। इस कृति में पद्यांश से संबंधित किसी विषय पर विद्यार्थियों से 25 से 30 शब्दों में अपने विचार व्यक्त करने के लिए कहा जाएगा।

# विभाग 4 : भाषा अध्ययन (व्याकरण) : 14 अंक

**ध्यान में रखिए :**

- इस विभाग में दिए गए व्याकरण के 11 घटकों पर कुल 14 अंकों के लिए प्रश्न पूछे जाएँगे।

## प्र. 4. सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए : 14 अंक

**ध्यान में रखिए :**

**1. शब्द भेद : (1 अंक)**
- दिए गए वाक्य में अधोरेखांकित शब्द का शब्दभेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण) पहचानकर लिखना।

**2. अव्यय प्रयोग : (1 अंक)**
- दो अव्यय शब्दों में से किसी एक का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग करना।

**3. संधि : (1 अंक)**
- संधि पहचानना, विच्छेद करना, संधि शब्द बनाना। (दो में से कोई एक)।

**4. सहायक क्रिया : (1 अंक)**
- दिए गए दो वाक्यों में से किसी एक वाक्य से सहायक क्रिया पहचान कर उसका मूल रूप लिखना।

**5. प्रेरणार्थक क्रिया : (1 अंक)**
- दी गई दो क्रियाओं में से किसी एक का प्रथम प्रेरणार्थक तथा द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखना।

**6. मुहावरे : (1 अंक)**
- दिए गए 2 मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करना। **अथवा** अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए कोष्ठक में दिए मुहावरों में से उचित मुहावरा चुनकर वाक्य फिर से लिखना।

**7. कारक : (1 अंक)**
- दिए गए 2 वाक्यों में से किसी एक वाक्य में प्रयुक्त कारक पहचानकर उसका भेद लिखना।

**8. विरामचिह्न : (1 अंक)**
- दिए गए वाक्य में यथास्थान विरामचिह्नों का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखना।

**9. काल परिवर्तन : (2 अंक)**
- दिए गए तीन वाक्यों में से दो वाक्यों का सूचना के अनुसार काल परिवर्तन करके लिखना।

**10. वाक्य के भेद :**
- दिए गए वाक्य का रचना के आधारपर वाक्य का प्रकार पहचानकर लिखना। **(1 अंक)**
- दिए गए दो वाक्यों में से एक का अर्थ के आधार पर सूचना के अनुसार वाक्य परिवर्तन करना। **(1 अंक)**

**11. वाक्य शुद्‌ध करना : (2 अंक)**
- दिए गए तीन वाक्यों में से दो वाक्यों को शुद्‌ध करके वाक्य फिर से लिखना।

## विभाग 5 : रचना विभाग (उपयोजित लेखन) : 26 अंक

### प्र. 5. (अ)

**(1) पत्र-लेखन :** **5 अंक**

- **निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र-लेखन कीजिए :**

**ध्यान में रखिए :**

■ **प्रश्न 5 (अ) (1)** में अनौपचारिक और औपचारिक पत्र की एक-एक कृति दी जाएगी। अनौपचारिक और औपचारिक पत्र-प्रकार में से किसी एक विषय पर पत्र लिखना होगा।

**(2) गद्‌य आकलन – प्रश्ननिर्मिति :**

- **निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर गद्‌यांश में एक-एक वाक्य में हों :** **4 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

■ **प्रश्न 5 (अ) (2)** में दिए गए अपठित गद्‌यांश का आकलन करके इस पर आधारित चार ऐसे प्रश्न तैयार करने हैं, जिनके उत्तर एक-एक वाक्य में हों। प्रश्नों के उत्तर लिखने की आवश्यकता नहीं है।

### प्र. 5. (आ)

**(1) वृत्तांत-लेखन :** **5 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

■ **प्रश्न 5 (आ) (1)** में विद्‌यार्थियों से वृत्तांत-लेखन के अंतर्गत किसी घटना/आयोजन का वर्णन करने के लिए कहा जाता है। विद्‌यार्थियों को 70 से 80 शब्दों में उसका रोचक वर्णन करना होता है। वृत्तांत सीमित शब्दों में तथा सत्य पर आधारित होना चाहिए।

*अथवा*

**कहानी-लेखन :**

**ध्यान में रखिए :**

■ **प्रश्न 5 (आ) (1)** में कहानी-लेखन की कृति वृत्तांत-लेखन के विकल्प में होगी। कहानी लगभग 70 से 80 शब्दों में लिखकर उसे उचित शीर्षक देना होता है तथा कहानी से प्राप्त सीख लिखनी होगी।

■ कहानी बहुधा मुद्‌दों के आधार पर लिखने के लिए कहा जाता है। यह प्रश्न अन्य प्रकार से भी पूछा जा सकता है।

**(2) विज्ञापन-लेखन :** **5 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

■ **प्रश्न 5 (आ) (2)** में विज्ञापन-लेखन की कृति होगी। आज का युग प्रचार का युग है। प्रत्येक वस्तु का प्रचार करना जरूरी हो गया है। प्रचार को ही विज्ञापन कहते हैं। विज्ञापन के कई तरीके हैं, पर इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है, अच्छा विज्ञापन लिखना। विज्ञापन लगभग 50 से 60 शब्दों का होना चाहिए।

### प्र. 5. (इ) निबंध-लेखन : **7 अंक**

**ध्यान में रखिए :**

■ **प्रश्न 5 (इ)** में निबंध-लेखन के लिए तीन विषय दिए जाएँगे। उनमें से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक निबंध लिखना होगा।

पाठ्‌यक्रम में निबंध के पाँच प्रकार हैं :

(1) वर्णनात्मक (2) विवरणात्मक (3) विचारात्मक (4) कल्पनाप्रधान (5) आत्मकथनात्मक।

कृतिपत्रिका में इनमें से तीन प्रकार के निबंध पूछे जाएँगे। विद्‌यार्थियों को इनमें से केवल एक निबंध लिखना हैं।

# अभ्यास के लिए कृतिपत्रिका

## हिंदी (लोकभारती) : कृतिपत्रिका 1

**समय : 3 घंटे]** **[कुल अंक : 80**

**सूचना :** *(1) सूचना के अनुसार गद्‌य, पद्‌य, पूरक पठन, भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।*

*(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग कीजिए।*

*(3) रचना विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।*

*(4) शुद्‌ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।*

### विभाग 1 : गद्‌य : 20 अंक

**प्र. 1. (अ) निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** 8 अंक

**गो. प्रसाद और शंकर :** (एक साथ) चश्मा!!!

**रामस्वरूप :** (जरा सकपकाकर) जी, वह तो... वह... पिछले महीने में इसकी आँखें दुखने लग गई थीं, सो कुछ दिनों के लिए चश्मा लगाना पड़ रहा है।

**गो. प्रसाद :** पढ़ाई-बढ़ाई की वजह से तो नहीं है कुछ?

**रामस्वरूप :** नहीं साहब, वह तो मैंने अर्ज किया न।

**गो. प्रसाद :** हूँ। (संतुष्ट होकर कुछ कोमल स्वर में) बैठो बेटी।

**रामस्वरूप :** वहाँ बैठ जाओ उमा, उस तख्त पर, अपने बाजे-वाजे के पास। (उमा बैठती है।)

**गो. प्रसाद :** चाल में तो कुछ खराबी है नहीं। चेहरे पर भी छवि है।... हाँ, कुछ गाना-बजाना सीखा है?

**रामस्वरूप :** जी हाँ सितार भी और बाजा भी। सुनाओ तो उमा एकाध गीत सितार के साथ। [उमा सितार पर मीरा का मशहूर भजन 'मेरे तो गिरिधर गोपाल' गाना शुरू कर देती है। उसकी आँखें शंकर की झेंपती-सी आँखों से मिल जाती हैं और वह गाते-गाते एक साथ रुक जाती है।]

**रामस्वरूप :** क्यों, क्या हुआ? गाने को पूरा करो उमा।

**गो. प्रसाद :** नहीं-नहीं साहब, काफी है। आपकी लड़की अच्छा गाती है। (उमा सितार रखकर अंदर जाने को बढ़ती है।)

**गो. प्रसाद :** अभी ठहरो, बेटी!

**रामस्वरूप :** थोड़ा और बैठी रहो उमा! (उमा बैठती है।)

**गो. प्रसाद :** (उमा से) तो तुमने पेंटिंग-वेंटिंग भी सीखी है? (उमा चुप)

**रामस्वरूप :** हाँ, वह तो मैं आपको बताना भूल ही गया। यह जो तस्वीर टँगी हुई है, कुत्तेवाली, इसी ने बनाई है और वह उस दीवार पर भी।

**गो. प्रसाद :** हूँ। यह तो बहुत अच्छा है। और सिलाई वगैरह?

**रामस्वरूप :** सिलाई तो सारे घर की इसी के जिम्मे रहती है, यहाँ तक कि मेरी कमीजें भी। हँ-हँ-हँ!

**गो. प्रसाद :** ठीक।... लेकिन, हाँ बेटी, तुमने कुछ इमान-बिनाम भी जीते थे?

**(1) लिखिए :** 2

**उमा की विशेषताएँ –**

**(2) जोड़ियाँ मिलाइए :** 2

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) सकपकाना | मीरा |
| (ii) भजन | तख्त |
| (iii) तस्वीर | चश्मा |
| (iv) बाजा | कुत्तेवाली |

**(3) (i) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए :** 1

(1) दीवार (2) आँखें।

**(ii) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए :** 1

(1) सिलाई (2) तख्त।

**(4) 'गोपाल प्रसाद बहू में गाना-बजाना, सिलाई, पेंटिंग आदि गुण चाहते हैं, पर पढ़ाई नहीं, क्या यह उचित है?' इस बारे में अपने विचार 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** 2

**प्र. 1. (आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** 8 अंक

संस्था चलाने का भार तो आने वाली बहनें ही उठा सकेंगी क्योंकि उनमें कई तो कुशल होंगी। बहन उनको संगीत की, भक्ति की तथा प्रेमयुक्त सलाह की खुराक दें। आगे चलकर संस्था की जमीन पर छोटे-छोटे मकान बनाए जाएँगे और उसमें संस्था के नियम के अधीन रहकर आने वाली महिलाएँ दो-दो, चार-चार का परिवार चलाएँगी, ऐसी संस्थाएँ मैंने देखी हैं। इसलिए जो बिलकुल संभव है, बहुत ही उपयोगी है। ऐसा ही काम मैंने सूचित किया है, इतने वर्ष के बहन के परिचय के बाद उनकी शक्ति, कुशलता और उनकी मर्यादा का ख्याल मुझे है। प्रत्यक्ष कोई हिस्सा लिए बिना मेरी सलाह और सहारा तो रहेगा ही। आगे जाकर बहन को लगेगा कि उनको तो मात्र निमित्तमात्र होना था। संस्था अपने आप चलेगी। समाज में ऐसी संस्था की अत्यंत आवश्यकता है। उस आवश्यकता में से ही उसका जन्म होगा। मुझे इतना विश्वास न होता तो बहन के लिए ऐसा कुछ मैं सूचित ही नहीं करता। तुम दोनों इस सूचना का प्रार्थनापूर्वक विचार करना लेकिन जल्दी में कुछ तय न करके यथासमय मुझे उत्तर देना। बहन यदि हाँ कहे तो अभी से आगे का विचार करने लगूँगा।

यहाँ सरदी अच्छी है। फूलों में गुलदाउदी, क्रिजेन्थीमम फूल बहार में हैं। उसकी कलियाँ महीनों तक खुलती ही नहीं मानो भारी रहस्य की बात पेट में भर दी हो और होठों को सीकर बैठ गई हों। जब खिलती हैं तब भी एक-एक पंखुड़ी करके खिलती हैं। वे टिकते हैं बहुत।

**(1) आकृति पूर्ण कीजिए :**

**(i)** **आश्रम की आगामी योजना –** 1

**(ii)** **लेखक को बहन के इन गुणों पर विश्वास है –** 1

**(2) संजाल पूर्ण कीजिए :** 2

**गुलदाउदी की विशेषताएँ –**

**(3) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए :** 2

(i) संगीत – --------  (ii) समाज – --------

(iii) कली – --------  (iv) पंखुड़ी – --------

**(4) आश्रमों की व्यवस्था के बारे में अपने विचार 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** 2

**प्र. 1. (इ) निम्नलिखित अपठित गद्‌यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **4 अंक**

रामू की बहू ने तय कर लिया कि या तो वही घर में रहेगी या फिर कबरी बिल्ली ही। मोरचाबंदी हो गई और दोनों सतर्क! बिल्ली फँसाने का कठघरा आया। उसमें दूध, मलाई, चूहे और भी बिल्ली को स्वादिष्ट लगने वाले विविध प्रकार के व्यंजन रखे गए लेकिन बिल्ली ने उधर निगाह तक नहीं डाली। इधर कबरी ने सरगर्मी दिखलाई। अभी तक तो वह रामू की बहू से डरती थी; पर अब वह साथ लग गई लेकिन इतने फासले पर कि रामू की बहू उसपर हाथ न लगा सकी।

कबरी के हौसले बढ़ जाने से रामू की बहू को घर में रहना मुश्किल हो गया। उसे मिलती थीं सास की मीठी झिड़कियाँ और पतिदेव को मिलता था रूखा-सूखा भोजन।

एक दिन रामू की बहू ने रामू के लिए खीर बनाई। पिस्ता, बादाम, मखाने और तरह-तरह के मेवे दूध में औटाए गए, सोने का वर्क चिपकाया गया और खीर से भरकर कटोरा कमरे के एक ऐसे ऊँचे ताक पर रक्खा गया, जहाँ बिल्ली न पहुँच सके। रामू की बहू इसके बाद पान लगाने में लग गई।

उधर बिल्ली कमरे में आई, ताक के नीचे खड़े होकर उसने ऊपर कटोरे की ओर देखा, सूँघा, माल अच्छा है; ताक की ऊँचाई अंदाजी, और रामू की बहू पान लगा रही है। पान लगाकर रामू की बहू सास जी को पान देने चली गई और कबरी ने छलाँग मारी; पंजा कटोरे में लगा-और कटोरा झनझनाहट की आवाज के साथ फर्श पर!

आवाज रामू की बहू के कान में पहुँची, सास के सामने पान फेंककर वह दौड़ी, क्या देखती है कि फूल का कटोरा टुकड़े-टुकड़े, खीर फर्श पर और बिल्ली डटकर खीर उड़ा रही है। रामू की बहू को देखते ही कबरी चंपत!

**(1) (i) आकृति पूर्ण कीजिए :** **1**

**मोरचाबंदी के दो छोर –**

(ii) **एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :** **1**

बिल्ली को चूहों के अलावा स्वादिष्ट लगने वाले दो व्यंजन –

(1) ------------------- (2) -------------------

**(2) 'अंधश्रद्धा' पर 25 से 30 शब्दों में अपने विचार प्रकट कीजिए।** **2**

## विभाग 2 : पद्य : 12 अंक

**प्र. 2. (अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **6 अंक**

फागुन के दिन चार होरी खेल मना रे।
बिन करताल पखावज बाजै, अणहद की झनकार रे।
बिन सुर राग छतीसूँ गावै, रोम-रोम रणकार रे।।
सील संतोख की केसर घोली, प्रेम-प्रीत पिचकार रे।
उड़त गुलाल लाल भयो अंबर, बरसत रंग अपार रे।।
घट के पट सब खोल दिए हैं, लोकलाज सब डार रे।
'मीरा' के प्रभु गिरिधर नागर, चरण कँवल बलिहार रे।।

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए :** **2**

**होली के समय आनंद निर्मित करने वाले घटक –**

**(2) पद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए :**

**(i) ऐसे दो शब्द जिनका वचन परिवर्तन से रूप नहीं बदलता –** **1**

(1) --------- (2) ---------।

**(ii) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :** **1**

(1) फागुन – --------- (2) संतोख – ---------।

**(3) उपर्युक्त पद्यांश की प्रथम चार पंक्तियों का सरल अर्थ 25 से 30 शब्दों में लिखिए।।** **2**

**प्र. 2. (आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **6 अंक**

सिर झुकाकर वापिस जाने लगे
मैंने उन्हें रोककर कहा, ठहरिए!
सिर मत धुनिए मेरी एक बात सुनिए
मेरे घर में अधिक धन होता तो आप ले जाते
अब जब मेरे घर में बिल्कुल धन नहीं है
तो आप मुझे कुछ देकर क्यों नहीं जाते
जिनके घर में सोने-चाँदी के पलंग और सोफे हैं
उन्हें आप निकलवा लेते हैं
बहुत अच्छी बात है, निकलवा लीजिए
पर जिनके घर में बैठने को कुछ भी नही
उनके यहाँ कम-से-कम
एक तख्त तो डलवा दीजिए।

**(1) आकृति पूर्ण कीजिए :**

**(i)** **कवि ने छापा मारने वालों से माँगा –** 2

**(ii)** **कवि द्‌वारा छापामारों को दिए गए सुझाव –**

**(2) निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग चुनकर शब्द लिखिए :** 2

*(उप, अप, अ, अभि)*

(i) यश – ---------  (ii) ज्ञान – ---------

(iii) मान – ---------  (iv) वन – ---------

**(3) उपर्युक्त पद्यांश की अंतिम छह पंक्तियों – 'जिनके घर में ..... डलवा दीजिए' का सरल अर्थ 25 से 30 शब्दों में लिखिए।।** 2

## विभाग 3 : पूरक पठन : 8 अंक

**प्र. 3. (अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** 4 अंक

दूसरे दिन चिक की पहली पाँति में सात तारे जगमगा उठे, सात रंग के। सतभैया तारा! अपने काम में मगन सिरचन को खाने-पीने की सुध नहीं रहती। चिक में सुतली के फंदे डालकर उसने पास पड़े सूप पर निगाह डाली – चिउरा और गुड़ का एक सूखा ढेला। मैंने लक्ष्य किया, सिरचन की नाक के पास दो रेखाएँ उभर आईं। मैं दौड़कर माँ के पास गया। ''माँ, आज सिरचन को कलेवा किसने दिया है, सिर्फ चिउरा और गुड़?''

माँ रसोईघर के अंदर पकवान आदि बनाने में व्यस्त थी। बोली, ''अरी मँझली, सिरचन को बुँदिया क्यों नहीं देती?''

''बुँदिया मैं नहीं खाता, काकी!'' सिरचन के मुँह में चिउरा भरा हुआ था । गुड़ का ढेला सूप में एक किनारे पर पड़ा रहा, अछूता।

माँ की बोली सुनते ही मँझली भाभी की भौंहें तन गईं । मुट्ठी भर बुँदिया सूप में फेंककर चली गई।

सिरचन ने पानी पीकर कहा, ''मँझली बहूरानी अपने मैके से आई हुईं मिठाई भी इसी तरह हाथ खोलकर बाँटती हैं क्या?'' बस, मँझली भाभी अपने कमरे में बैठकर रोने लगी। चाची ने माँ के पास जाकर कहा- ''मुँह लगाने से सिर पर चढ़ेगा ही।... किसी के नैहर-ससुराल की बात क्यों करेगा वह?''

मँझली भाभी माँ की दुलारी बहू है। माँ तमककर बाहर आई-''सिरचन, तुम काम करने आए हो, अपना काम करो। बहुओं से बतकुट्टी करने की क्या जरूरत? जिस चीज की जरूरत हो, मुझसे कहो।''

सिरचन का मुँह लाल हो गया। उसने कोई जवाब नहीं दिया। बाँस में टँगे हुए अधूरे चिक में फंदे डालने लगा।

मानू पान सजाकर बाहर बैठकखाने में भेज रही थी। चुपके से पान का एक बीड़ा सिरचन को देती हुई इधर-उधर देखकर बोली ''सिरचन दादा, काम-काज का घर! पाँच तरह के लोग पाँच किस्म की बात करेंगे। तुम किसी की बात पर कान मत दो।''

**(1) आकृति पूर्ण कीजिए :** 2

(i) सिरचन को काम में मगन होकर खाने-पीने की यह न रहती। – ☐

(ii) चिक में सुतली के फंदे डालकर सिरचन ने इस पर निगाह डाली। – ☐

(iii) मानू यह सजाकर बाहर बैठकखाने में भेज रही थी। – ☐

(iv) अरी मँझली, सिरचन को यह क्यों नहीं देती। – ☐

**(2) 'बहू के मायके की आलोचना करना उचित नहीं है' इस विषय में अपने विचार 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** 2

**प्र. 3. (आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **4 अंक**

बातों का जनाब, शऊर नहीं, शेखी न बघारें, हाँ चुप रहिए।
हम उस धरती की लड़की हैं, जिस धरती की बातें क्या कहिए।
अजी क्या कहिए, हाँ क्या कहिए।
जिस मिट्टी में लक्ष्मीबाई जी, जन्मी थीं झाँसी की रानी।
रजिया सुलताना, दुर्गावती, जो खूब लड़ी थीं मर्दानी।
जन्मी थी बीबी चाँद जहाँ, पद्मिनी के जौहर की ज्वाला।
सीता, सावित्री की धरती, जन्मी ऐसी-ऐसी बाला।
गर डींग जनाब उड़ाएँगे, तो मजबूरन ताने सहिए, ताने सहिए, ताने सहिए। हम उस धरती की लड़की हैं...

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए :** **2**




**(2) 'नारी सम्मान' के बारे में अपने विचार 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** **2**

## विभाग 4 : भाषा अध्ययन (व्याकरण) : 14 अंक

**प्र. 4. सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **14 अंक**

**(1) अधोरेखांकित शब्द का शब्द-भेद पहचानकर लिखिए :** **1**

वे तेजी के साथ <u>बगीचे</u> की ओर चल पड़े।

**(2) निम्नलिखित अव्ययों में से किसी एक अव्यय का अपने वाक्य में प्रयोग लिखिए :** **1**

(i) कभी-कभी (ii) के लिए।

**(3) कृति पूर्ण कीजिए :** *(दो में से कोई एक)* **1**

| संधि शब्द | संधि-विच्छेद | संधि-भेद |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | -------------------- | -------------------- |

*अथवा*

| | | |
|---|---|---|
| -------------------- | अति + अधिक | -------------------- |

**(4) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक सहायक क्रिया को पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए :** **1**

(i) बालक भूमि पर लेट गया।

(ii) अस्पताल का ख्याल आते ही मैं काँप उठा।

| सहायक क्रिया | मूल रूप |
|---|---|
| -------------------------- | -------------------------- |

**(5) निम्नलिखित में से किसी एक क्रिया का 'प्रथम' तथा 'द्‌वितीय' प्रेरणार्थक रूप लिखिए :** 1

| क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक रूप | द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप |
|---|---|---|
| (i) झुकना | ---------------------- | ---------------------- |
| (ii) गिरना | ---------------------- | ---------------------- |

**(6) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए :** 1

(i) नाम-निशान न रहना (ii) धावा बोलना।

***अथवा***

**अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए :**

*(ताँता लगा रहना, खटका लगा रहना।)*

जर्जर इमारत में रहने वाले लोगों को रात-दिन भय बना रहता है।

**(7) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारकों में से कोई एक कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए :** 1

(i) हमारे शहर में एक कवि हैं श्री लपकानंद।

(ii) रावण का पुतला कहीं नहीं जलाया जाता।

| | |
|---|---|
| **कारक चिह्‌न** | ------------------------------ |
| **कारक भेद** | ------------------------------ |

**(8) निम्नलिखित वाक्य में यथास्थान उचित विराम चिह्‌नों का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए :** 1

अजी आप इतनी देर से क्यों घर लौटे

**(9) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों का सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन कीजिए :** 2

(i) एक चेहरा बड़ी तेजी से जवाब देता है। *(पूर्ण वर्तमानकाल)*

(ii) हम एक जगह खाने पर चले गए थे। *(सामान्य भविष्यकाल)*

(iii) पिछले महीने उमा की आँखें दुखने लगीं। *(पूर्ण भूतकाल)*

**(10) (i) निम्नलिखित वाक्य का रचना के आधार पर भेद पहचानकर लिखिए :** 1

मैंने कोई पाप नहीं किया और न ही कोई चोरी की है।

**(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य का अर्थ के आधार पर दी गई सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए :** 1

(1) गोपाल प्रसाद शंकर का विवाह उमा से करेंगे। *(प्रश्नवाचक)*

(2) तुम्हें अपना काम खुद करना चाहिए। *(आज्ञार्थक वाक्य)*

**(11) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्‌ध करके वाक्य फिर से लिखिए :** 2

(i) इस मंदिर में अनेकों बुद्‌ध की मूर्तियाँ हैं।

(ii) पैसे वाली व्यक्ति कटु बोलती है।

(iii) हम लोक वापस आते है अभी।

## विभाग 5 : उपयोजित लेखन : 26 अंक

**प्र. 5. (अ)**

**(1) पत्र-लेखन :**

- **निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र-लेखन कीजिए :** 5

मोहन/मोहना जोशी, 5, सुमन स्मृति, डेक्कन जिमखाना, पुणे से 15, अभ्युदय नगर, 25, सीता मेंशन, सरदार पटेल रोड, अंधेरी, मुंबई में अपने मित्र/सहेली को अपने दादा जी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निमंत्रण देने हेतु पत्र लिखता/लिखती है।

***अथवा***

A-92, दिव्य लोक, सुभाष चौक, टिळक नगर, पुणे से साहिल/सरिता देशपांडे पेड़ों की अनियंत्रित कटाई के लिए जिलाधीश महोदय, पुणे को पत्र लिखता/लिखती है।

**(2) गद्‍य आकलन – प्रश्ननिर्मिति :**

- **निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर परिच्छेद में एक-एक वाक्य में हों :** 4

भाग्य पर विश्वास करने वालों का दावा है कि पिछले जन्मों के कर्मों के अनुसार सफलता या असफलता मिलती है या सुख-दुख आते हैं। कई बार भरसक प्रयत्न करने के बाद भी व्यक्ति असफल हो जाता है तो दुखी हो उठता है। यह मानने के लिए उसे मजबूर होना पड़ता है कि भाग्य में वही लिखा था। सफलता केवल प्रयत्न और परिश्रम से ही नहीं मिलती। उसके लिए व्यावहारिक ज्ञान, सूझ-बूझ, धैर्य, आत्मविश्वास, एकाग्रता आदि कई गुण आवश्यक हैं। काम को बिना समझे, गलत ढंग से, उचट मन से, उद्‌देश्य की पूरी और स्पष्ट जानकारी पाए बिना कितना भी परिश्रमपूर्वक किया जाए, तो भी सफलता मिलना संभव नहीं होता है। जब आवश्यक गुणों के अभाव में मेहनत करने वाले को सफलता नहीं मिलती तो कहा जाता है कि पिछले जन्म के कर्मों के कारण उसे सफलता नहीं मिली। तब व्यक्ति अपने भाग्य को अपनी असफलता का उत्तरदायी मानकर चुप बैठ जाता है। भाग्यवाद व्यक्ति को निराश, निष्क्रिय और अकर्मण्य बना देता है। अगर सफलता के कारण ढूँढ़े जाएँ और पुरुषार्थी बनकर काम वह फिर से करने का संकल्प किया जाए तो असफलता के कारणों से बचने की समझ आती है और व्यक्ति सफल हो सकता है।

**प्र. 5. (आ)**

**(1) वृत्तांत-लेखन :** 5

- **स्वराज विद्‍यालय, यवतमाल (महाराष्ट्र) में चलाए गए स्वच्छता अभियान का 70 से 80 शब्दों में वृत्तांत-लेखन कीजिए। (वृत्तांत में स्थल, काल, घटना का उल्लेख होना अनिवार्य है।)**

***अथवा***

**कहानी-लेखन :**

- **निम्नलिखित मुद्‌दों के आधार पर लगभग 70 से 80 शब्दों में कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए :**

किसी गाँव में अकाल – दयालु जमींदार द्‌वारा रोज लोगों को रोटियाँ बाँटना – एक बालिका का छोटी रोटी लेना – घर जाना – रोटी तोड़ना – रोटी में सोने का सिक्का निकलना – लड़की का जमींदार के पास जाना – सोने का सिक्का लौटाना – इनाम पाना – शिक्षा।

**(2) विज्ञापन-लेखन :**

- **निम्नलिखित जानकारी के आधार पर नागपुर के एकता विद्‍यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का लगभग 50 से 60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।** 5

स्थान | तिथि, समय | माडल के प्रकार | विशेषता

**प्र. 5. (इ) निबंध-लेखन :**

- **निम्नलिखित विषयों में से *किसी एक* विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए :** 7

(1) यदि इंटरनेट न होता... ! (2) नदी की आत्मकथा। (3) मेरा प्रिय नेता।